तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

13 शिक्षकों ने छात्र- छात्राओं को दी गई जैव विविधता ...



13 अंतरक्षेत्रीय कैरम स्पर्धा में बस्तर ने मारी बाजी





## खबर संक्षेप

### रानसरगीपाल में हुआ गहन स्वास्थ्य परीक्षण व शिविर



**जगदलपुर।** आयुष ग्राम रानसरगीपाल में हाल ही में गहन स्वास्थ्य परीक्षण एवं शिविर मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती चम्पा कश्यप की उपस्थिति में किया गया। इसमें एनीमिया, कार्यक्रम सुपोषण, सुप्रजा, एनसीडी, पेलिएटिव केयर किया गया, जहां मरीजों को पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि दी गई। ग्रामीणों को सामान्य दिनचर्या, ऋतुचर्या, खानपाल, घरेलू उपचार, योग एवं प्राणायाम की जानकारी दी गई। आयुष ग्राम प्रभारी डॉ. यशवंत राय बघेल, डॉ. पीके दास, डॉ. एसके मेहर, डॉ. सिद्धार्थ बैस, फार्मासिस्ट बीआर यादव, सुरेन्द्र सिदार, हीरालाल, औषधालय सेवक महादेव नाग, अनिल सिन्हा, लैब टेक्निशियन डिलेश्वर कश्यप आदि का योगदान रहा।

### बस्तर में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुक्तिमोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में बस्तर संभाग से आए मोर्चा के पदाधिकारीयों ने रायगड़ा डिविजन निर्माण का विरोध अथवा कोरापुट या जगदलपुर को रेलवे डिवीजन बनाने राव- घाट परियोजना द्वितीय चरण का कार्य , को तत्काल प्रारंभ करने सहित प्रोजेक्ट ऑफिस का जगदलपुर में संचालन एवं बस्तर में रेलवे सुविधाओं की बढ़ोतरी मांग को रेलवे डीआरएम वाल्टर डिवीजन एवं डीआरएम रायगढ़ डिवीजन के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। नवनीत ने कहा है कि इस क्षेत्र के लोगों की भावनाओं के विपरित भारतीय रेलवे विभाग के द्वारा रायगढ़ को रेलवे डिवीजन बना, बस्तर कोरापुट के लोगों की भावनाओं एवं अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया गया है जो न्याय उचित नहीं है।

### बस्तर ओलंपिक के विजेताओं को दी जाएगी खेलवृत्ति

**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक 2024 के संभाग स्तर के विजेता खिलाड़ी जूनियर को 2400 एवं सीनियर को 3000 रुपए की खेलवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही बस्तर जिले के लिए 259 खिलाड़ियों को 7 लाख 800 रुपए की खेल वृत्ति स्वीकृत की गई है। उक्त राशि विजेता खिलाड़ियों के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी कलेक्टर हरीश एस ने खिलाड़ी की खेल वृत्ति के आहरण के निर्देश दे दिए हैं। संचालनालय खेल एवं कल्याण रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत सभी खिलाड़ियों को उनके खाते में राशि अंतरित की जाएगी। इसी प्रकार बस्तर ओलंपिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

# आमजन से मित्रता, सौहार्द्रपूर्ण संबंध के साथ आर्थिक विकास पर जोर

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने आयोजित किया प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विगत दो दशक से भी अधिक समय से कोंटा विकासखंड के इंजरम ग्राम पंचायत में सेवा रही सीआरपीएफ 219वीं बटालियन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की।

अलग खबर

ज्ञात हो कि समय-समय पर सीआरपीएफ द्वारा अपने मुख्यालय व कैंपों के आस-पास गांवो के ग्रामीणों किसी एक स्थान पर जमा कर उनके हार्दिक समस्याओं तथा स्वास्थ्य का देखभाल किया जाता है। इसी कड़ी में आज सुरज पाल वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज कोन्टा के मार्गदर्शन एवं पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेंट 219 बटालियन के निर्देशन में जी 219 बटालियन के एटेगट्टा कैम्प मे सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत आगामी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ जल के संरक्षण हेतु ग्राम-एटेगट्टा, गेरापाड़, असिरगुड़ा, मुकुड़तोंग तथा आसपास के ग्रामीणों को उनके जरुरतों के अनुसार जल संरक्षण के लिए वॉटर स्टोरेज टैंक के वितरण किया गया। इसके साथ ही गांव के बच्चों एवं स्कूली छात्रों को स्कूल वर्दी, नोटबुक, रबड़, पेन्सिल, शॉर्पनर, पेन्सिल बॉक्स, पेन, स्कूल बैग, गाँव के पुरुषों को गमछा, लूंगी तथा महिलाओं ▶▶| शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई

प्रोग्राम में डॉ. मोहम्मद इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे कि लू लगना, डी-हाईड्रेशन, डेंगू, मलेरिया, टाइफइड आदि के बचाव हेतु भरपूर मात्रा में पानी तथा तरल पदार्थों के सेवन के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही पीड़ित ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार कर दवाईयों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को स्वच्छ जल व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के बारे में अवगत कराया गया।



### योजनाओं की जानकारी दी गई

इस अवसर पर कमाण्डेन्ट-219 बटालियन द्वारा आयोजन में उपस्थित सभी ग्रामीणों को भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रही विभिन्न प्रकार के विकास योजनाओं एवं उनके लाभों से अवगत कराया गया साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि स्थानीय आबादी की कल्याण संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। स्थानीय समुदाय ने 219 बटालियन द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त किया । जिससे सीआरपीएफ और ग्रामीणों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों के लिये जलपान एवं भोजन का आयोजन किया। कार्यक्रम में करमवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी अधिनस्थ अधिकारी एवं 219 बटालियन के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## समस्या : मालगाड़ियों का नियमित हो रहा परिचालन

# पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस के पहिये किरन्दुल के लिए एक माह से थमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किरन्दुल से बचेली के मध्य 12 किमी के रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर विशाखापटनम से किरन्दुल के बीच नियमित आने-जाने वाली दो ट्रेन पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेन के पहिये लगभग एक माह से थमे है। हालांकि किरन्दुल और बचेली से नियमित रूप से प्रतिदिन 12 से 15 मालगाड़ी का परिचालन में किसी प्रकार की रोक नहीं है। लगभग एक माह से दो यात्री ट्रेनों का परिचालन किरन्दुल नहीं होने से किरन्दुल,बचेली और भांसी के यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दोनों ट्रेन इस दौरान किरन्दुल से 40 किमी पहले दंतेवाड़ा से विशाखापटनम आना-जाना कर रही हैं। विशाखापटनम रेल प्रबंधन दोनों यात्री ट्रेनों को किरन्दुल परिचालन नहीं करने का तीन मर्तबा आदेश जारी कर यात्री ट्रेनो के रद्दीकरण का लगातार विस्तार किया जा रहा है। दो दिन पहले विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय से एक नया आदेश जारी किया गया है।




**दंतेवाड़ा तक परिचालन**

केके लाइन में जगदलपुर-किरंदुल सेक्शन पर दोहरीकरण के संबंध में बचेली-किरंदुल स्टेशन यार्ड के रीमॉडलिंग के लिए सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य जारी है। इसलिए किरन्दुल तक चलने वाली पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को दंतेवाड़ा में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा।

**संदीप के,** वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक

केके लाइन में जगदलपुर-किरंदुल सेक्शन पर दोहरीकरण के संबंध में बचेली-किरंदुल स्टेशन यार्ड के रीमॉडलिंग के लिए सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारणों के चलते 16 मॉर्च से 2 अप्रैल तक विशाखापत्तनम से किरन्दुल तक चलने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर को दंतेवाड़ा में रद्द किया जाएगा। जबकि ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल- विशाखापटनम पैसेंजर 17 मॉर्च से 3 अप्रैल तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से विशाखापटनम चलेगी। इसी प्रकार 16 मॉर्च से 2 अप्रैल तक विशाखापटनम से किरन्दुल जाने वाली ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस को दंतेवाड़ा में ही रोक दिया जाएगा। 17 मॉर्च से 3 अप्रैल तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से ही ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस को चलाया जाएगा।इससे होने वाली असुविधा के लिए हम बहुत खेद व्यक्त करते हैं। लोगों से अनुरोध है कि वे इन बदलावों पर ध्यान दें और तदनुसार कार्य करें।

### *मरीजों को हैदराबाद आने-जाने में हो रही समस्या*

*विदित हो कि किरन्दुल,बचेली और भांसी में एनएमडीसी में पदस्थ कर्मचारियों को उपचार के लिए हैदराबाद जाना पड़ता है। एनएमडीसी प्रबंधन का हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल से उपचार के लिए अनुबंध हुआ है। यही कारण है,कि कर्मचारी एवं उनके माता-पिता के सम्पूर्ण उपचार के लिए हैदराबाद पर निर्भर है। मरीजो को किरंदुल अथवा बचेली से रेल यात्रा सुविधाजनक होता है। यात्री ट्रेनो का परिचालन नहीं होने से मरीजो और उनके परिजनों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।*

# जल जीवन मिशन की हुई संभाग स्तरीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंडल कार्यालय जगदलपुर में गुरुवार को बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के जलजीवन मिशन अंतर्गत कार्यरत आईएसए, एमआईएस एवं आईईसी कोऑर्डिनेटर की संभाग स्तरीय कार्यशाला हुई। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण में आ रही समस्याओं और कठिनाइयों के निराकरण हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। स्टेट कोऑर्डिनेटर सुश्री मंजरी द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से स्थानीय समाज प्रमुखों, पंचायत पदाधिकारियों और लक्षित लाभार्थियों से सतत सम्पर्क एवं संवाद स्थापित कर जल प्रदाय योजनाओं का महत्व, रखरखाव सहित संधारण के लिए सहयोग प्रदान करने और जल संरक्षण के महत्व के प्रति जनजागरूकता निर्मित किए जाने पर जोर दिया। साथ ही भावी पीढ़ी के लिए पानी बचाओ मुहिम चलाए जाने के लिए स्थानीय समुदाय की सहभागिता निभाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता निरूपित किया। वहीं जल वाहिनी समूह से जुड़ी महिलाओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए अभिप्रेरित किए जाने कहा। कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया।

# गीदम थाने में शांति समिति की हुई बैठक



**गीदम।** होली त्यौहार एवं उसी दिन मुस्लिमों की जुम्मे की नमाज होने से नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने उपपुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह, थाना प्रभारी विजय पटेल की उपस्थिति में गीदम थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान किशन मिश्रा तहसीलदार गीदम, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष राजाराम वेट्टी, पूर्व जिला संयोजक बजरंगदल ओम सोनी, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुजीत सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, आदिवासी समाज प्रमुख बोमड़ा कोवासी, वसीम अहमद सचिव जामा मस्जिद गीदम, फकरूद्दीन जामा मस्जिद कमेटी सदस्य, पार्षदगण, व्यापारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसमाज को अपना - अपना त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण ▶▶| शेष पेज 13 पर

# टेलीस्कोप एवं वीआर सेट देखकर बच्चे हुए रोमांचित

- सीआरपीएफ के 170 बटालियन के सौजन्य से बच्चों का कराया बीजापुर शहर का भ्रमण

**बीजापुर।** बदलते बीजापुर की बदलते तस्वीर का सुखद उदाहरण बीजापुर में देखने को मिला जहां नियद ने ल ला ना र योजना के तहत अत्यंत सुदूर एवं माओवाद से आतंक के गिरफ्त में वर्षों से रहे कोण्डापल्ली के नौनिहालों ने बीजापुर शहर का पहली बार भ्रमण किया। आतंक और भय के माहौल से कभी गांव से बाहर निकलना संभव नहीं था वे बच्चे आज स्वच्छंद रूप से जिले के विकास को अपनी आंखो से देखकर काफी



रोमांचित हुए

सीआरपीएफ 170 बटालियन के सौजन्य से कोण्डापल्ली गांव के स्कूली बच्चों का बीजापुर भ्रमण कराया गया। सर्वप्रथम जिला कार्यालय में आकर कलेक्टर संबित मिश्रा से बच्चों ने सौजन्य मुलाकात की। फिर कलेक्टर मिश्रा के मार्गदर्शन में लोहा डोंगरी पार्क एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण कराया गया। पहली बार जिला मुख्यालय पहुंचने पर ▶▶| शेष पेज 13 पर

# एचटी और एलटी विद्युत लाइन बिछाकर तिम्मापुर को किया रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नियद नेल्लानार योजना से सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव के 53 घरों को दिया बिजली


बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले का सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव तिम्मापुर को विद्युत कंपनी ने नियद ने ल ला ना र योजना के तहत बिजली से रोशन किया। कंपनी ने 11 केवी लाइन 8 किमी एवं एलटी लाइन 11 किमी बिछाकर गांव के 53 बीपीएल घरों को बिजली दिया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक वे लोग चिमनी युग में थे, लेकिन बिजली होने के चलते पढ़ने वाले बच्चे रात में भी पढ़ रहे हैं।



बताया जा रहा है कि नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्राम तिम्मापुर का विद्युतीकरण किया जाकर चार्ज कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से बिजली नहीं होने के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और गर्मियों के मौसम में घुट घुट कर रहना पड़ता था। इस वर्ष विद्युत कंपनी ने गांव में बिजली पहुंचाई, जिससे गर्मी में हो रही परेशानी का छुटकारा मिल गया है।

### *शिकायत पर ध्यान दें*

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्राम तिम्मापुर का विद्युतीकरण किया जाकर चार्ज कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया गया कि वे उपभोक्ताओं की शिकायत पर ध्यान दें।*




# यादव समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यादव समाज जिला बस्तर के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थिति में 11 मार्च को बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च को नये जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। यह चुनाव समुंद चौक स्थित श्री कृष्ण मंदिर प्रांगण में होगा। पिछला कार्यकाल 22 फरवरी को समाप्त हो गया है। उक्ताशय कि जानकारी देते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, निर्मल यादव, संरक्षक विकम सिंह यादव, पूर्व युवा अध्यक्ष प्रेम यादव व रोहित यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष रघुवंश यादव व प्रमोद यादव ने संयुक्त बयान में बताया कि यादव समाज कि धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों के सत्त संचालन हेतु आगामी 29 मार्च को चुनाव तय किया गया है। जिले के सभी यादवों से कहा गया कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव को संपन्न कराएं। बैठक में वरिष्ठ सदस्य रोमांचल यादव, निलेश्वर यादव, भागीरथी यादव, सुमन यादव, रमेश यादव, भरत यादव, शिवसागर यादव, मनोज यादव, रामेश्वर यादव, रूकमणी यादव, गणेश यादव व रूपनाथ यादव सहित काफी संख्या में यादव सदस्य उपस्थित थे।






## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124




होलिकोत्सव
हार्दिक
शुभकामनाएं
सरिता जितेन्द्र पानीग्राही
जिला पंचायत सदस्य
बकावंड क्षेत्र
योगेश बैज
जिला पंचायत सदस्य
लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र
चंद्रभान कश्यप
जिला पंचायत सदस्य
लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र
पदलाम नाग
अध्यक्ष
जनपद पंचायत जगदलपुर
श्रीमती पदमा कश्यप
अध्यक्ष, जनपद पं. लोहण्डीगुड़ा
पुरूषोत्तम कश्यप
उपाध्यक्ष, जनपद पं. जगदलपुर
अर्जुन सेठिया
जनपद सदस्य, विखं जगदलपुर
अश्रीति राजेश शर्मा
जनपद सदस्य, विखं जगदलपुर
श्रीमती उमाकांतो बघेल
सरपंच, ग्राम पंचायत नगरनार
रैनू बघेल
पूर्व सरपंच एवं कोषाध्यक्ष चैत्र मेला समिति
नगरनार
भरत कश्यप
सरपंच, ग्राम पंचायत गढ़िया
पूरन सिंह कश्यप
उप सरपंच, ग्राम पंचायत बड़ेचकवा
श्रीमती पदमनी कश्यप
सरपंच, ग्राम पंचायत मांदर
दिनेश जना
उप सरपंच, ग्राम पंचायत आड़ावाल
महेन्द्र सेठिया
उप सरपंच, ग्राम पंचायत नानगुर

## खबर संक्षेप

### विधायक ओंकार ने सदन में उठाया अवैध प्लाटिंग का मुद्दा

**धमतरी।** विधानसभा के बजट सत्र के ध्यानाकर्षण काल में विधायक ओंकार साहू ने अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया। इसे लेकर तीखी बहस भी हुई। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी जिले मे आवासीय कॉलोनी हेतु बिना डायवर्सन के कृषि भूमि पर आवागमन मार्ग छोड़कर बार-बार टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है। इस प्रकार का विक्रय अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है। भूमि की अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनी निर्माण होने से भूमि विक्रय पंजीयन एवं नामांतरण पर रोक संबंधी दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए परंतु धमतरी जिले में जिला प्रशासनिक कार्यालय के आसपास खेतिहर जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है।

### शिक्षक संघ ने की महापौर से मुलाकात

**धमतरी।** छग संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित महोबे के नेतृत्व में शिक्षकों ने नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। संघ द्वारा शिक्षा विभाग की समस्याओं पर चर्चा की गई, जिस पर महापौर ने शीघ्र समाधान किये जाने की बात कही। मौके पर प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ ममता खालसा, प्रांत सहसचिव हरीश सिन्हा, जिला महिला प्रकोष्ठ सुनीता यादव, शोभा गुप्ता, हितेश साहू, निष्ठा तिवारी, शिखा श्रीवास्तव, गौरी गुप्ता, आरती सिन्हा, प्रीति नेताम, जिला संयोजक लोमस साहू, जिला सचिव शेष नारायण गजेंद्र, कोषाध्यक्ष देवेश साहू, सहसचिव प्रदीप सिन्हा, उपाध्यक्ष आलोक मत्स्यपाल, जिला प्रवक्ता पुरूषोतम निषाद, पवन परिहा, नोमेश साहू, विनीतशंकर मिश्रा, लोचन साहू उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वरुण साहू एवं दीपक सहारे ने दी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद का आयोजन

**नगरी।** ग्राम छिपली में महिला स्वसहायता समूह और नवनीत महिला मंडल ठाकुरदेव पारा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रस्साखींच, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, भाषण, कविता लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

**विरोध :** 18 से मुख्यालयों में बेमियादी हड़ताल करने जिला पंचायत सीईओ को दिया ज्ञापन


# वादा नहीं किया गया पूरा, पंचायत सचिवों का 17 को विधानसभा घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शासकीयकरण की गांरटी देकर मुकरी सरकार

प्रदेश में 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को विधासभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। बावजूद हाल ही में बजट सत्र में इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने से नाराज प्रदेशभर के पंचायत सचिव 17 मार्च को विधानसभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगें। वहीं 18 मार्च से सभी जनपद मुख्यालयों में बेमियादी हड़ताल की जाएगी।

पंचायत सचिव संघ ने जारी प्रेसनोट में बताया कि मोदी गांरटी पूरी नहीं करने के कारण होली के बाद क्रमवार आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की शुरूआत विधानसभा घेराव से करेंगे। इसके बाद सभी जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालिन हड़ताल तथा 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव का निर्णय लिया गया है।


बस्तर जिला सचिव संघ
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ०ग०)
श्री मोहन सिंह ठाकुर, अध्यक्ष बस्तर, मों.– 9165695000
श्री रमेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष, मों.– 9131252174
श्री चिंतामणी मौर्य, सचिव, मों. –8839252300
दिनांक 08/05/2024
प्रति,
श्रीमान् मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला, पंचायत जगदलपुर
विषय :– मोदी गारंटी पुरा नही करने के कारण दिनांक 17/03/2025 को विधानसभा घेराव एवं 18/03/2025 से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालिन हड़ताल एवं 01/04/2025 को मंत्रालय घेराव किये जाने की सूचना बाबत्।
मान्यवर महोदय,
विधासभा चुनाव वर्ष 2023–24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में दिनांक 07/07/2024 को इन्डोर स्टेडियम ...

पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा व ब्लाक अध्यक्ष ललीत पाण्डे ने बताया कि वर्ष 2023-24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई थी। इस सबंध में इससे पूर्व 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री व विधायकों की मौजूदगी में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुये शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का भरोसा दिया गया था। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान की जाएगी।

### बजट सत्र में पहल नहीं होने से नाराजगी

*किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्द एवं आकोशित है। एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने के विरोध में आगामी दिनों में पंचायत सचिव क्रमबद्ध आदोंलन करेगें जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पंचायत सचिव संघ ने आदोंलन के सबंधं में जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन दिया है।*

# शिक्षकों ने छात्र- छात्राओं को दी गई जैव विविधता संरक्षण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्राणी शास्त्र विभाग शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पीएम उषा योजना अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षकों द्वारा छात्रों को जैव विविधता संरक्षण की जानकारी दी गई। छात्रों द्वारा माचकोट जंगल एवं तिरिया का भ्रमण किया गया। वन विभाग के सहायक परिक्षेत्र धीरज सिंह, वनपाल कैलाश सिंह, परिसर रक्षक मोहन कुमार भारती, वनरक्षक रमेश कुमार बघेल द्वारा छात्रों को तिरिया के की जैव विविधता के विषय जानकारी दी गई। छात्रों द्वारा भ्रमण में विभिन्न प्रकार की तितलियां, कीटों का अध्ययन किया गया। छात्रों द्वारा भ्रमण में आने वाले सैलानियों को भी वन क्षेत्र को साफ रखने हेतु जागृत किया गया साथ ही प्लास्टिक फ्री अवेयरनेस की भी जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान 76 प्रजातियों के पक्षियों की पहचान की गई और आठ प्रजातियों के मेंढक भी देखे गए भ्रमण दल का नेतृत्व प्रोफेसर कल्पना मंडावी, किशन मरावी और होलेश साहू ने किया जैव विविधता से परिपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### दल में 45 विद्यार्थी शामिल हुए

*रंग बिरंगी पक्षियों को देखकर विद्यार्थी हक्के-बक्के रह गए मालाबार ट्रोगन पक्षी और बैडमिंटन के रैकेट की तरह पूछ वाले भृंगराज पक्षीको देखकर विद्यार्थी हक्के-बक्के रह गए। प्राणी विज्ञान विभाग ने भ्रमण में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी सत्य प्रकाश ध्रुव का आभार माना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को जैव विविधता के अध्ययन के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।*

## देवी भागवत का श्रवण करना सौभाग्यकी बात : पं. कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर में जारी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन मां महागौरी की अष्टम पालकी निकल गई। वहीं देवी भागवत के सेवादारों को धान से बनी मां दंतेश्वरी प्रतिमा भेंट की गई। इस मौके पर कथा बांचते हुए महामायाधाम के भागवताचार्य पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति देवी महात्म का श्रवण करता है। उसे सौभाग्यशाली माना जाता है। जगदलपुर के नगरवासी बड़े सौभाग्यशाली है। बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी के दरबार में बैठकर श्रीमद देवी भागवत महापुराण का श्रवण कर रहे हैं। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन बुधवार को मां मनसा देवी, गायत्री माता तथा रुद्राक्ष उत्पत्ति की कथा सुनाई गई। आचार्य ने कहा कि कश्यप ऋषि की मंशा के अनुरूप देवी प्रकट हुई इसलिए उनका नाम मनसा देवी रखा गया। मनसा देवी से प्रकट हुई हैं मंगला माता। जो व्यक्ति मांगलिक है। उसे मंगला देवी की पूजा- उपासना करनी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान अतिथि महापौर संजय पांडे द्वारा श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के दौरान लगातार नौ दिनों तक सेवा देने वाले सेवादारों के अलावा भागवताचार्य, परायणकर्ता तथा संगीत पक्ष के कलाकारों को धान से बनाई गई बस्तर की आराध्या मां दंतेश्वरी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या माताएं उपस्थित रही।

## जनसहयोग से सियारीनाला स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया




**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला को जनसहयोग से 43 इंच का स्मार्ट टीवी भेंट किया गया। इसमें पालक, शिक्षक एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही। कक्षा पांचवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह रखा गया। जयश्री कृष्णा स्वसहायता समूह गुडरापारा द्वारा न्योता भोजन में खीर पूड़ी एवं पनीर परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, प्रधानपाठक खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, होमनलाल साहू, लीना नेताम, सरोजनी कुंजाम, चमारिन बाई पंच, खिलेश्वरी निषाद, ममता पडौटी, भगवती पडौटी, सावित्री कुंजाम, देवदत्त पडौटी, चिंताराम शोरी समेत अनेक ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंतरक्षेत्रीय कैरम स्पर्धा में बस्तर ने मारी बाजी...



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के अंतरक्षेत्रीय कैरम स्पर्धा हाल ही में आयोजित की गई। इसमें बस्तर की टीम ने बाजी मारी। टीम ने जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम से मिले।

## वार्षिक सम्मेलन में समाज के उत्थान पर किया मंथन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

साल्हेभाट मुड़ा के ग्राम भालूचुआ में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र सलोनी के वार्षिक सम्मेलन व सभा में समाज के उत्थान और उन्नति पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय फत्ते लाल ध्रुव ने समाज की प्रगति को लेकर अपने विचार रखे।

# 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

- भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण माहिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सदस्य धमतरी, विशिष्ट अतिथि गंगाबाई संतराम साहू सरपंच भैंसबोड़, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, नागेश साहू उपसरपंच थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य से किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती





महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई। अतिथियों द्वारा अंकुरित चना-मूंग, आयरन टेबलेट और श्रीफल, रेडी टू ईट दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तथा हरी साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक अरुणा मिश्रा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में माहिलाओं को जानकारी दी। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई। एएनएम जानेश्वरी बंजारे द्वारा टीकाकरण भी किया गया।

इस अवसर पर अंवरी परिक्षेत्र पर्यवेक्षक नीता वर्मा, अरुणा मिश्रा, मोनिका साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता शिंदे, अनुसुइया साहू, टिकेश्वरी साहू, किरणलता जोशी, मीना यादव, चन्द्रकला भतपहरी, दीपा निषाद, कमलेश मिश्रा, शारदा ध्रुव, जागेश्वरी बघेल, सरोजनी टंडन, हेमा वैष्णव, ईश्वरी तारक, नीलम साहू, लता साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# गणित के प्रति रूचि बढ़ाने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

- भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले से दो शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में आयोजित किया जिसमें बालोद सहित राज्य के कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया।

बालोद जिला से अजय वर्मा शिक्षक माध्यमिक शाला पेरपार एवं चांदनी वर्मा सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला गुरूर ने तीसरे चरण में जिले का प्रतिनिधित्व किया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईटी भिलाई विशेषज्ञों द्वारा शालाओं के विद्यार्थियों में साइंस के प्रति रूचि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणित के प्रति



रूचि, रसायन एवं भौतिक क्रियाओं की समझ बनाने प्रशिक्षित किया गया। आईआईटी भिलाई के डां अनिल साहू ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। डां महबूम आलम ने गतिविधि निरीक्षण, खेल प्रयोग, कला और चित्रण आधारित शिक्षण कराने पर जोर दिया। डां अशरीफा द्वारा बीजगणित को प्रेक्टिल आधारित सिद्ध करने सिखाया। डां निकेत ने पानी और हवा की दबाव आधारित क्रिया बताई।

## सारंगपुरी के सरपंच पंचों ने ली शपथ

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में पंच-सरपंचों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषभ देवांगन, आनंद स्वरूप मेश्राम एवं श्रीमती पद्मिनी साहू थे। इस अवसर पर जिपं सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि मैं सबसे पहले आपकी बहू-बेटी और परिवार का हिस्सा हूं। आपके हर सुख-दुख में सहभागी रहूंगी। यदि कोई समस्या हो, तो निः संकोच मुझसे साझा करें, ताकि मैं उसका समाधान करा सकूं। ऋषभ देवांगन ने कहा कि यह मेरे जीवन का पहला अवसर है, जब मैंने किसी ग्राम पंचायत में इतना अच्छा समन्वय और एक-दूसरे के प्रति सम्मानभाव देखा है। आनन्द स्वरूप मेश्राम ने कहा कि ग्राम सारंगपुरी में पंचायतीराज व्यवस्था के मूल उद्देश्यों को साकार होते देखना गर्व की बात है। नवनिर्वाचित सरपंच रामकुमार यादव एवं पंचों ने गांव के विकास का संकल्प लिया।

## नवागांव कसपुर में गणेश बने निर्विरोध उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत नवागांव कसपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर नागरिकों में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

निर्वाचन के पश्चात गणेश साहू ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग



और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। सरपंच कमलेश्वरी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि गणेश साहू के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे। मौके पर पीठासीन अधिकारी शोभितराम नेताम, सचिव प्रमोद महिलांगे, रोजगार सहायक हिरोंदी साहू, पूर्व उपसंरपच शिवकुमार साहू, परऊ मरकाम, केशव विश्वकर्मा, भारत साहू, प्रकाश नेताम, दिनेश साहू एवं पंचगण ईश्वरी नेताम, नवीन नागेश, जानकी साहू, देवकी मरकाम, कुमारीबाई साहू, पवन साहू, शिशुपाल साहू, प्रभा नेताम, हिरौंदीबाई साहू, गन्नू मरकाम, नीरा नेताम, बृजलाल नेताम, रिकी नाग, जयंती नेताम, नीराबाई मरकाम उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### आमजन से मित्रता...

को साड़ी, बुजुर्गो को कम्बल, ग्रामीणों को चप्पल, खाने के लिये स्टील प्लेट-ग्लास, खेती में काम करने के लिये फावड़ा, गैती, मनोरंजन हेतु टेलीविजन, आवागमन के लिए साइकिल, घरों की रोशनी के लिये सोलर लालटेन व युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने व उनके मनोबल को बढ़ाने हेतु खेल सामग्रीयों जैसे किकेट किट, वॉलीबॉल नेट, फुटबॉल आदि सामानों का वितरण किया गया।

### गीदम थाने में...

मनाने की समझाइश दी गई। त्यौहार में तेज ध्वनि वाले यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध, शराब पीकर हुड़दंग करने एवं दोपहिया वाहन में तीन सवारी बिठाने पर कड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी गई।

### टेलीस्कोप एवं...

नौनिहालों के खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। इस अवसर का बच्चों ने भरपूर लाभ लिया। टेलीस्कोप में सूर्य, एवं अन्य ग्रहों को देखा। वहीं बीआर सेट के माध्यम से मनोरंजन एवं मोटिवेशनल फिल्म भी देखी। वहीं गेमिंग जोन में मनपसंद गेम का लुत्फ भी उठाया। इस भ्रमण के लिए जिला प्रशासन एवं सीआरपीएफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बस्तर ओलंपिक के...

के विजेता 38 हॉकी खिलाड़ियों को सीधे रायपुर अकादमी में प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्हें आवास, भोजन,शिक्षा, खेल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान कार्यक्रम



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता में बुधवार को बस्तर सेवक मंडल के तत्वाधान में बिहान महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ ,कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच सहित अन्य खेलकूद मनोरंजन प्रतियोगिता करवाया गया।कार्यक्रम में बिहान समूह की महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सास बहु सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बस्तर।** प्रा. स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल के उप स्वास्थ्य केंद्र बनियागांव मे सास बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस दौरान बीएमओ डॉ पीएन शांडिल्य ,बीईटीओ जोशी, बीपीएम राजेंद्र कुमार द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी दी गई । इस अवसर पर डॉ हेमंत यादव सेक्टर प्रभारी द्वारा सास बहु के रिश्ते से कैसे परिवार को सुन्दर सुघर सुपोषित बनाये हुए गर्भवती माता शिशु बुजुर्ग एवं परिवार के सभी सदस्यों का रख सकते है समझाया गया। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइसर मालती नेताम, मुकेश, धर्मेन्द्र, विलिमोन,अली एवं मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सहयोग किया।

## 1115 गरीब परिवारों को मिला छत का सहारा

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अपने उद्देशों को पूरा करते हुए एवं गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई है। बीते 14 माह में 1115 गरीब परिवारों को पक्की छत का सहारा मिला है। जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में विशेष अभियान चला कर जैसे हितग्राहियों को चौपाल लगा कर प्रशानिक अमला के सहयोग से सतत निरीक्षण किया जा रहा है। नियद नेल्लानार आपका आदर्श गांव के ध्येय वाक्य को साकार कर रहा है, नियद नेल्लानार अंतर्गत अब तक 164 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमे से 50 आवास पूर्ण किए जा चुके है एवं बाकी आवास में कार्य प्रारंभ किया गया है। जिला पंचायत सीईओ के द्वारा स्वयं लगातार पंचायतों का निरीक्षण किया जा रहा है जिसके की मैंदानी अमला प्रोत्साहित होकर गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे है। निरंतर निरीक्षण एवं समीक्षा से आवास निर्माण को गति मिली जिसका बेहतर सकारात्मक परिणाम दिख रहा है।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज के स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

# मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने करें पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर एवं पदेन अध्यक्ष स्वशासी समिति स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल डोमन सिंह की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज के सभाकक्ष में स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा किया गया, साथ ही गत स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में हुई निर्णयों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा किया गया और किलकारी योजनांतर्गत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में जल्द से जल्द झूला घर प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्लड बैंक लायसेंस का नवीनीकरण शीघ्र करवाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर अंचल के जनता की चिकित्सा जरूरतों को ध्यान रखकर उन्हें संवेदनशीलता के साथ उपचार सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रामा यूनिट एवं क्रिटिकल केयर सेंटर की सुविधाओं को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस ने चिकित्सकों के लिए वैकल्पिक आवासीय व्यवस्था हेतु आवश्यक पहल करने आश्वस्त करते हुए खेल मैदान समतलीकरण एवं विकास के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने कहा। साथ ही मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भवन के समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ की आवासीय परिसर निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने, चिकित्सकों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने तथा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के आय के स्त्रोत में वृद्धि के लिए मेडिकल कॉलेज कैम्पस में संचालित पंजाब नेशनल बैंक भवन तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के दुकानों का किराया नियमानुसार निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज एवं सदस्य सचिव डॉ. प्रदीप बेक, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकगण, अधीक्षक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल डॉ. टीकू सिन्हा सहित स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीएमएचओ ने की सीएचसी नानगुर के मासिक बैठक की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीएचसी नानगुर के कर्मचारियों की मासिक समीक्षा बैठक में सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक पहुंचे। उन्होंने ऑनलाइन एंट्री और वंदन योजना के बारे में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बताते हुए कलेक्टर के निर्देश का पालन करने का आदेश सभी कर्मचारियों को दिया। सीएचसी के अधीन सभी आम केंद्रों में निश्चय निरामया के तहत जनसंख्या के अनुरूप जोखिम ग्रुप के सभी पात्र व्यक्तियों के स्पूटम जांच और एक्स-रे करवाने के बारे में कड़े निर्देश सुपरवाइजर के माध्यम से प्रत्येक आम के कर्मचारियों तक पहुंचाने की बात बीपीएम शकुंतला जंघेल को बताई। ब्लॉक डाटा मैनेजर हीरा को इस संबंध में सभी पीएचसी के सहायक ग्रेड 3 और पीएडीए को अनिवार्य रूप से इस सत्र के अंतिम पखवाड़े में कार्य को पूर्ण करने की बात कही। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएल दरियो, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शकुंतला, ब्लॉक डाटा मैनेजर हीरा, सीएचसी नानगुर के तहत कार्यरत सभी सुपरवाइजर एलएचबी, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आरएओ मेल, फीमेल उपस्थित रहे। मासिक बैठक की समीक्षा उपरांत सीएमएचओ नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन गुमलवाड़ा का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर स्वास्थ्य केंद्र में अभी पानी और बिजली की कमी के साथ-साथ आवागमन हेतु सब सेंटर का रास्ता और बाउंड्री वॉल की कमी पाई गई। जिसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।

## एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एल एल धनेलिया, जिला मिशन समन्वयक कमलदास झाड़ी एवं सहायक परियोजना समन्वयक वेंकट रमन के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता जिले के चारों विकासखंडों के ब्लॉक मुख्यालय में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में संकुलों से एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से चयनित तीन-तीन प्रतिभागियों को आमंत्रित कर विकासखंड स्तरीय एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक विकासखंड से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से कुल 24 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

एलिमेंट्री स्तर क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड भैरमगढ़ एलिमेंट्री स्तर से मुनमुन यादव प्रथम, सुजीता पैगर द्वितीय एवं लखन कुंजाम तृतीय तथा विकासखंड उसूर से मंजू चिकुड़ प्रथम, चौतन्य निषाद द्वितीय, श्रावणी तृतीय, विकासखंड बीजापुर से सरस्वती लेकाम प्रथम, सुनीता गोटा द्वितीय, प्रियांशु काका तृतीय, विकासखंड भोपालपटनम से सुजाता प्रथम, आर्यन पूनेम द्वितीय, रोहित करपम तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह सेकेंडरी स्तर विकासखंड भैरमगढ़ से श्रेया पटेल प्रथम, लता यादव द्वितीय, राजेश मंडावी तृतीय, विकासखंड उसूर से इंदु काका प्रथम, फूलमती लेकाम द्वितीय, रोहित जव्वा तृतीय, विकासखंड बीजापुर से सेवंती वारगेम प्रथम, रेणुका कोरसा द्वितीय, महेश्वरी सोन्ला तृतीय, विकासखंड भोपालपटनम से श्रेया कुम्मर प्रथम, कृतिका वासम द्वितीय, दिव्या टिंगे तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पदेड़ा के स्कूल में कलेक्टर ने कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में नियद नेल्लानार गांव के प्राथमिक शाला

- बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ स्कूल बैग और टी शर्ट का वितरण

पदेड़ा में न्यौता भोज का आयोजन कर बच्चों के साथ अपना जन्म दिन मनाया। कलेक्टर के जन्मदिन को स्कूली बच्चों ने केक काट कर मनाया वहीं न्यौता भोज के आयोजन कर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन, खीर, पुड़ी, फल एवं मिठाई का वितरण किया। कलेक्टर ने बच्चों के बीच बैठकर भोजन किया और बच्चों को स्कूल बैग एवं टी शर्ट का भी वितरण कलेक्टर द्वारा किया गया।



प्राथमिक स्कूल के नन्हे बच्चे कलेक्टर को अपने बीच पाकर उत्साहित नजर आए और जिला प्रशासन द्वारा संचालित निपुण बीजापुर जो गतिविधियों पर आधारित खेल-खेल में शिक्षा एवं दक्ष बीजापुर नवोदय जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जो शिक्षकों द्वारा कराया जा रहा है उसका डेमो भी दिखाया।

कलेक्टर ने बच्चों की गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और भी बेहतर तरीके से गतिविधियों को सीखने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, बीईओ बीजापुर डालेन्द्र देवांगन एवं सहायक परियोजना समन्वयक जाकिर खान ने भी बच्चों के साथ न्यौता भोज का आनंद लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किए।

## 204 कोबरा और 81 वाहिनी सीआरपीएफ ने मलमपेंटा में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम



**जगदलपुर।** सीआरपीएफ कमांडेंट मनीष कुमार मीणा और कोबरा कमांडेंट संतोष मल्ल के निर्देशानुसार द्वितीय कमान अधिकारी संतोष कुमार और कोबरा कंपनी कमांडर अजय कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ कोबरा ने बीजापुर के तालपरु नदी किनारे नक्सलप्रभावित क्षेत्र के गांव मलमपेंटा में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके तहत मेडिकल कैम्प लगाया गया। कोबरा डॉक्टर साईं शशांक की मेडिकल टीम ने लगभग 100 ग्रामीणों का इलाज किया और दवाईयां दी । कोबरा बटालियन की ओर से टीम कमांडर शंकर लाल के द्वारा ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को वस्त्र भी वितरित किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि वो सुरक्षा बलों के इस इलाके में कैम्प लगने से बहुत खुश हैं और अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं । सीआरपीएफ और कोबरा ने सभी नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे दिनरात उनकी सेवा में रहेंगे और ग्रामीण कभी भी किसी भी प्रकार की मदद के लिए कैम्प में आ सकते हैं। सीआरपीएफ और कोबरा की तरफ़ से टीम कमांडर दीपांकर नागर ने ग्रामीणों को भीमराम कैम्प में होली के अवसर भोज के लिए आमंत्रण भी दिया।

## दोरनापाल में नपं के नए अध्यक्ष और पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगर पंचायत दोरनापाल में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सांसद महेश कश्यप
- राधा नायक ने ली नगर पंचायत दोरनापाल अध्यक्ष पद की शपथ

स्वागत के साथ किया गया। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक के साथ सभी 15 पार्षदों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षदों में गीता मिड़ियम,धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, ललिता मिड़ियम, बसंती यादव,



जमुना यादव सोड़ी मंगली पुष्पलता भदौरिया, अरूण सुनानी, मड़कम हुँगी, कोशी ठाकुर, लक्ष्मी चौहान, सोड़ी मंगी, शेखर शायतोड़े, मड़कम पोदिये, मड़कम राजे शामिल थे। नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने का कार्य पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम शबाब खान ने किया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के साथ दोरनापाल में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। नगर के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। महिला सशक्तिकरण और युवा विकास कैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जिससे क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक समग्र विकास का लाभ मिल सके।

दोरनापाल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक ने कहा कि हम सभी वर्ग और सभी समाज को साथ में लेकर आगे बढ़ेंगे। शहर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों को मूलभूत सुविधा 24 घंटे बिजली, साफ पेयजल, साफ-सफाई तथा पक्की सड़क समेत नगर के समग्र विकास के लिए हम सब मिल जुलकर काम करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष के रूप में दिनेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप मे धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हूंगाराम मरकाम, जनप्रतिनिधि कोरसा सन्नु, जनप्रतिनिधि लीलाधर राठी, नगर पंचायत सीएमओ हूंगाराम गोंद, उपअभियंता विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने खेली होली...



**जगदलपुर।** होली के 1 दिन पूर्व छात्र- छात्राओं ने मनाई होली। छात्र- छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया एवं खूब मस्ती की और होली की शुभकामनाएं दी।
छाया : संतोष पाण्डेय

## आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ा जा रहा

**बीजापुर।** सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची के अनुसार छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित भी किया जाएगा तथा नये मापदण्ड के आधार पर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य कर दिया गया है। सर्वे करने के लिए ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक प्रगणक बनाया गया है।

शासन के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य आवास प्लस ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। अगर किसी कारण से सर्वे हेतु कोई पात्र परिवार छूट जाता है, तो हितग्राही ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते हैं। पात्र हितग्राही स्वयं आवास प्लस ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित जनपद एवं ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है।

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051


शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव




HOLI HOLI HOLI

होली रंगों और हर्षोल्लास का त्योहार है, जिसे बसंत ऋतु में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस समय प्रकृति रंग-बिरंगे फूलों से सज जाती है, जो बसंत के आगमन का स्वागत करते हैं। यह त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, इसलिए इसे फाल्गुनी पर्व भी कहा जाता है। होली मेल-मिलाप, प्रेम और उल्लास का प्रतीक है, जो सभी को एकजुट करता है। भारतीय संस्कृति में हर त्योहार के पीछे कोई न कोई कथा होती है। होली का संबंध हिरण्यकश्यप और प्रह्लाद की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद को जलाने का आदेश दिया। होलिका को वरदान था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती, लेकिन जब वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठी, तो प्रह्लाद सुरक्षित रहा और होलिका जलकर भस्म हो गई। इसी घटना की स्मृति में होलिका दहन कियाजाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का उत्सव होलिका दहन से एक दिन पहले शुरू हो जाता है। लोग लकड़ियों और उपलों का ढेर इकट्ठा कर उसे जलाते हैं। अगली सुबह धुलंडी मनाई जाती है, जिसमें लोग गुलाल और रंगों से खेलते हैं। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी मिठाइयां बांटते हैं, गाने गाते हैं और नाचते-गाते उत्सव मनाते हैं। होली भाईचारे और सद्भावना का त्योहार है, जिसमें अमीर-गरीब, छोटे-बड़े सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं। यह त्योहार पुरानी दुश्मनी को भुलाकर नए रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देता है।



**कैलाश चौहान**
प्रांताध्यक्ष, छ.ग. सहायक पशु
चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ



**बलराम यादव**
अध्यक्ष, यादव समाज
पूर्व पार्षद, नगर निगम



**संतोष बघेल**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत बस्तर



**मानकदई कश्यप**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत, दरभा



**हरिप्रसाद कश्यप**
(पी.डी. सर)
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, दरभा



**सूरज कश्यप**
जनपद सदस्य
जनपद पंचायत बस्तर



**किशोर पारख**
सामाजिक कार्यकर्ता
विजय स्टोर्स, जगदलपुर



**मोहर झा**
सामाजिक कार्यकर्ता
जगदलपुर



**सुकुमार धर**
अध्यक्ष भारतीय जीवन बीमा निगम
अभिकर्ता संघ, अध्यक्ष क्लब सदस्य



**अब्दुल रशीद**
पार्षद
इंदिरा वार्ड, जगदलपुर



**शुभम यदु**
पार्षद
मदर टेरेसा वार्ड, जगदलपुर



**संतोष गौर**
पार्षद
लोकमान्य तिलक वार्ड, जगदलपुर



**जोयस्टीन भवानी**
पार्षद
शांतिनगर वार्ड, जगदलपुर



**देवीप्रसाद बेंजाम**
अध्यक्ष
दरभा भाजपा मंडल



**मनजीत सिंग**
संचालक
मनजीत शटर, जगदलपुर



**गजेन्द्र श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री, छत्तीसगढ़
तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ




## होली लेकर आई खुशियों के रंग

होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें। होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से होली।



**श्याम सोमानी**
अध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**विमल बोथरा**
उपाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**कमल सेठी**
उपाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**नवरतन जलोटा**
महामंत्री, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**श्रीधर राव मद्दी**
कोषाध्यक्ष, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**गजेन्द्र चांडक**
मंत्री, बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स



**पंकज सिंघल**
अध्यक्ष, संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ



**नीरज शर्मा**
डायरेक्टर, जगदलपुर मोटर्स



**अशफ़ाक अहमद**
संचालक, मनके फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स
बोधघाट रोड, जगदलपुर



**बालहरि अग्रवाल**
संचालक- अग्रज सेल्स
मेन रोड, जगदलपुर



**चंद्रेश छाजेड़**
संचालक- वर्षा
प्रतापगंज जगदलपुर



**अपुल जैन**
संचालक-महावीर कम्यूनिकेशन
धरमपुरा रोड जगदलपुर



**महावीर लुंकड़**
संचालक, श्री लुंकड़ ज्वेलर्स
पैलेस रोड, जगदलपुर



**जितेन्द्र पाल सिंह अहलूवालिया**
निदेशक- वाहेगुरु होण्डा
दलपत सागर रोड, जगदलपुर



**खुबचंद चांडक**
संचालक- परिधान
मेन रोड जगदलपुर